# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/1828
दिनांक : 30-7-2025

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध बी0एड0 संस्थान/महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांकः सम्बद्धता/2679, दिनांक 26.11.2024, पत्रांकः सम्बद्धता/3445, दिनांक 10.01.2025 एवं सम्बद्धता/3825, दिनांक 13.02.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सूचित किया गया था कि नालेज हेड्स एजुकेशन मैनेजमेंट कन्सल्टिंग कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड, रूडकी रोड, मेरठ द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा निति– 2020 के अन्तर्गत ई0बी0एड0 इन अध्यापन शिक्षा हेतु C-DAC प्लेटफार्म (वेब पोर्टल तथा मोबाईल एप्लीकेशन) को प्रथम चरण में नियमानुसार बी0एड0 पाठयक्रम में प्रोजेक्ट/एसाइंनमेंट कार्य हेतु इच्छुक महाविद्यालय/संस्थान के सहयोग से शैक्षिक सत्र 2024 से दो अकादमिक सत्रों हेतु एक पोर्टल विकसित किया गया है।

खेद का विषय है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी भी बी0एड0 संस्थान/महाविद्यालय द्वारा उपर्युक्त कार्य में रूची नहीं दिखायी गयी है। अतः आपसे पुनः अपेक्षा है कि आप पत्र में उल्लिखित व्यवस्था के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में आपके संस्थान का नाम शैक्षिक सत्र 2025–2027 में बी0एड0 पाठयक्रम में छात्रों के प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

यह भी अवगत कराना है कि उपर्युक्त कार्यो हेतु सभी प्रकार के शुल्क सम्बन्धित छात्र/छात्राओं द्वारा वहन किये जाएगा। विश्वविद्यालय की किसी भी प्रकार देनदारी नहीं होगी। कृपया समस्त सूचनाओ के लिये आनलाईन लिंक www.ebed.in पर पंजीकरण हेतु दिनांक 05.08.2025 तक विजित की जा सकती है।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

25.7.25

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. डा0 दिनेश शर्मा, सी0ई0ओ0 एण्ड प्रोजेक्ट डायरेक्टर, नालेज हेड्स एजुकेशन मैनेजमेंट कन्सल्टिंग कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड, रूडकी रोड, मेरठ को सूचनार्थ।
04. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. सम्बन्धित पत्रावली।

Click Here – www.ebed.in

कुलसचिव